हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 1 फरवरी 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 भरण-पोषण का भुगतान न करने वाले चार वर्ष से ...



07 एएसडी मतदाताओं की मैपिंग कर फार्म ...



### नलखेड़ा-आमला मार्ग पर हुई दुर्घटना, अधिकारियों की समझाइश के बाद खोला जाम

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल आक्रोशित ग्रामीणजनों ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शनिवार को नलखेड़ा-आमला मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई, वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए उज्जैन रेफर किया गया है। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणजनों ने स्थानीय सिविल अस्पताल के सामने जाम लगा दिया। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद जाम खोला गया।

शनिवार को नलखेड़ा-आमला मार्ग पर लसुलड़िया जोड़ के समीप नलखेड़ा की ओर से जा रही एक कार क्रमांक एमपी 09 झेडएक्स 4010 और नलखेड़ा आ रही बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार रामचंद्र पिता भागीरथ विश्वकर्मा उम्र 60 वर्ष निवासी सेमलखेड़ी की दर्दनाक मौत हो गई एवं शिव पिता शंकरलाल विश्वकर्मा उम्र 40 वर्ष निवासी सेमलखेड़ी गंभार रूप से घायल हो गए। गंभीर घायल का स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहाँ से उन्हें उज्जैन रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणजनों द्वारा स्थानीय अस्पताल के बाहर जाम लगा दिया गया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर एसडीओपी सुसनेर देवनारायण यादव तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव एवं थाना प्रभारी नागेश यादव सहित पुलिस बल पहुंचा। अधिकारियों द्वारा समझाइश और आश्वासन दिए जाने के बाद करीब डेढ़ घंटे बाद जाम खुलवाया गया तब जाकर यातायात सामान्य हो सका। पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस द्वारा संबंधित कार को जब्ती में ले लिया है।






### सदमे में भाई ने भी गंवाई अपनी जान

जानकारी अनुसार शुक्रवार रात्रि को ग्राम सेमलखेड़ी निवासी रामचंद्र विश्वकर्मा की बेटी को लेने उसके ससुराल वाले ग्राम में पहुंचे थे। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया तथा लड़की को ससुराल वाले उसे अपने साथ ले गए। जिसको लेकर लड़की के पिता रामचंद्र द्वारा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई थी परंतु उक्त शिकायत से वह नाखुश थे वह अन्य ओर धाराओं में प्रकरण दर्ज करवाना चाहते थे जिसको लेकर शनिवार को पुलिस द्वारा उन्हें वापस थाने बुलाया गया था। थाना पहुंचने के दौरान रास्ते में उनकी बाइक की टक्कर एक कार से हो गई। घटना इतनी भयावह थी कि रामचन्द्र विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत हो गई तथा बाइक पर सवार एक अन्य गंभीर घायल हो गया जिसे इलाज के लिए बाहर रेफर किया गया। उक्त घटना की जानकारी जैसे परिवार वालों को लगी जिसे सुनकर मृतक के भाई की भी सदमे में जान चली गई।





# श्री संस्कार पब्लिक स्कूल ने किया डॉक्टर बनीं छात्राओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

श्री संस्कार पब्लिक स्कूल, सुसनेर की पूर्व छात्राएं डॉ. अलसीफा मंसूरी एवं डॉ. महिमा वर्षी ने विदेश से अपनी डॉक्टरी शिक्षा पूर्ण करने के बाद एफएमजीई परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण करके विद्यालय, नगर एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा दोनों पूर्व छात्राओं का_वागत व अभिनंदन किया गया। स्वागत समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। अपने सीनियर को विद्यालय में देखकर बच्चों ने उनसे प्रेरणा ली, संवाद किया तथा स्कूल जीवन की यादों एवं अनुभवों पर चर्चा की।

डॉ. अलसीफा मंसूरी एवं डॉ. महिमा वर्षी ने भी बच्चों के साथ समय बिताकर खूब आनंद लिया, उनके साथ घुल-मिलकर स्वयं को अत्यंत खुश और भावविभोर पाया। इस अवसर पर दोनों पूर्व छात्राओं ने मंच से विद्यालय की खुले दिल से सराहना करते हुए कहा कि आज हम जो कुछ भी हैं, जिस मुकाम पर पहुँचे हैं, उसके पीछे श्री संस्कार पब्लिक स्कूल सुसनेर (शिशुकुंजन स्कूल) के संचालक एवं समस्त शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान है। हमारी शिक्षा की नींव संस्कार स्कूल से ही मजबूत हुई। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय द्वारा उन्हें समय-समय पर केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि कला, संस्कार, अनुशासन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं जीवनोपयोगी जानकारियों से भी निरंतर अवगत कराया गया, जिसने आगे की पढ़ाई और जीवन में उन्हें सशक्त बनाया। श्री संस्कार पब्लिक स्कूल (शिशुकुंजन स्कूल) केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि एक ऐसा संस्कार केंद्र है, जो विद्यार्थियों को श्रेष्ठ नागरिक, सफल पेशेवर और संवेदनशील मानव के रूप में गढ़ता है। विद्यालय परिवार दोनों होनहार चिकित्सकों के स्वर्णिम भविष्य, सफल चिकित्सकीय जीवन एवं मानव सेवा के पथ पर निरंतर प्रगति की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

## जल अर्पण दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

विकासखंड नलखेड़ा में जल अर्पण दिवस पर हर घर नल जल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर ग्राम रैली निकाली गई। शनिवार को तहसील के ग्राम सुईगांव में कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम सरपंच, सचिव सहित ग्रामीणजनों द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर की गई।

ग्रामीणजनों को जल अर्पण कार्यक्रम के बारे में समझाकर टंकी व नल का पूजन अतिथियों व ग्रामीणजनों द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्रियान्वित नल जल योजना का उचित संचालन, पेयजल स्त्रोत ट्यूब वेल, संपवेल नल आदि का रखरखाव, पेयजल को सुरक्षित रखने एवं पेयजल स्त्रोतों को साफ स्वच्छ बनाए रखने ग्रामीणजनों द्वारा संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर रंगोली के माध्यम से ग्राम का नक्शा भी उभरा गया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा ग्रामीण महिलाओं को एफटीके माध्यम से पानी की जांच करना सिखाया गया एवं प्रदूषित जल से होने वाली बीमारियों के बारे में भी अवगत कराया।



## जान जोखिम में डालकर करतब दिखा रहा बचपन



**नलखेड़ा।** पेट भरने के लिए खेलने कूदने व पढ़ाई करने की उम्र में जान जोखिम में डालकर बचपन करतब दिखाने को मजबूर हो रहा है। शासन की योजनाएं जरूरतमंदों तक आज भी नहीं पहुंच रही हैं यह इसका सबूत है। नगर में शनिवार को छत्तीसगढ़ से आए 6 से 12 वर्ष आयु के बच्चे स्थान स्थान पर करतब दिखा रहे थे। इन करतबों में पतली रस्सी पर चलना एवं पांव थाली में रखकर पतली रस्सी पर चलना जैसे जान जोखिम में डालने वाले करतब भी शामिल थे। इसके अतिरिक्त साइकिल की रिंग के माध्यम से पतली रस्सी पर चलना एवं इसी साइकिल की रिंग में से अपना पूरा शरीर निकालना जैसे करतब भी दिखा रहे थे। करतब दिखाने के बाद ये बच्चे उपस्थित दर्शकों एवं आसपास के दुकानदारों से थाली लेकर इनाम मांग रहे थे।

इस प्रकार के करतब नगर में कई स्थानों पर दिखाए गए। एक स्थान पर करतब दिखाने के बाद इन्हें अधिकतम सौ रुपये भी नहीं मिल रहे थे। छत्तीसगढ़ से आये विशाल नट एवं चांदनी जिनकी उम्र 6 व 12 वर्ष है ने बताया कि उनके साथ और भी बच्चे है जो इसी प्रकार के करतब दिखाकर अपना व अपने परिवार का पेट भरने का कार्य कर रहे हैं।

## नाबालिग नातिन के साथ छेड़खानी करने वाले कलयुगी दादा को सात साल की सजा



**सीहोर।** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर ने नाबालिक नातिन के साथ छेड़छाड़ करने वाले कलयुगी दादा को सात साल की सजा और अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने महिला थाना में रिपार्ट दर्ज कराई थी कि 8 जुलाई 2024 की रात जब वह घर में अकेली सो रही थी, और उसकी दादी नीचे वाले कमरे में अकेली सो रही थी, तभी उसके दादा आए और बुरी नियत से छेड़छाड़ करने लगे। पीड़िता ने जब आरोपी से आप मेरे कमरे क्यों आए हो तो कहने लगे कि बेटा मैं तो मुझे देखने आया हूं कि तू सोई की नहीं। पीड़ति के चिल्लाने पर दादा वहां से चले गए और कहने लगे कि यह बात किसी को मत बोलना वरना तुझे जान से खत्म कर दूंगा, और पीड़िता नीचे जाकर अपनी दादी को पूरी बात बताई और कहा कि अपन सुबह रिपोर्ट करने चलेगें। पुलिस अनुसंधान के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने अभियोजन के तर्कों व प्रस्तुत दस्तावेजी साक्ष्य से सहमत होते हुए आरोपी को दोषी पाते हुए सात साल का कठोर कारावास और 1500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रेखा यादव ने पीड़िता को न्यायालय ने 50 हजार रुपए प्रतिकर दिये जाने का आदेश दिया है।

### सांस्कृतिक मंच ने किया कथा वाचकों को सम्मानित

**सीहोर।** नगर की धार्मिक सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की सक्रीय और अग्रणी संस्था सीहोर सांस्कृतिक मंच द्वारा ग्राम बिजोरा में आयोजित श्री राम कथा में पंडित सुरेशानंद जी महाराज एवं बड़े बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में पंडित राघव मिश्रा के श्रीमुख से चल रही श्रीराम कथा एवं शिवमहापुराण में शामिल होकर कथावाचकों का पुष्प मालाओं, शॉल और श्रीफल एवं भगवान का चित्र भेंट कर भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रेमलता राठौर, सीमा सक्सेना, आशीष गुप्ता पूर्व अध्यक्ष हिंदू उत्सव समिति सीहोर, दीपक राठौड़, अजय सोनी, संजय सोनी, विशाल सोनी उपस्थित रहे कथावाचक द्वारा सदस्यों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

### सीहोर-शाजापुर में ओलावृष्टि और आंधी का कहर, अन्नदाता हुए परेशान

# संकट में किसान: आलोवृष्टी से गेहूं की बालियां टूटकर गिरीं, हवा से खेतों में बिछ गई फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



मध्यप्रदेश के सीहोर और शाजापुर जिलों में अचानक बदले मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और भयंकर ओलावृष्टि ने इन क्षेत्रों में गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। कहीं तेज हवा के कारण गेहूं की फसल खेतों में आड़ी पड़ गई तो कहीं ओलावृष्टि से बालियां टूटकर जमीन पर बिखर गईं। इस प्राकृतिक आपदा से किसान गहरे संकट में आ गए हैं।

सीहोर क्षेत्र के किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा ने इस गंभीर स्थिति को देखते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सर्वे कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सीहोर जिले के साथ-साथ कालापीपल क्षेत्र, शुजालपुर, शाजापुर जिले के कई गांवों में गेहूं की फसल पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट हो चुकी है। ऐसे में आरबीसी 64 के अंतर्गत राहत राशि और फसल बीमा का लाभ किसानों को शीघ्र दिया जाना चाहिए।

एम.एस. मेवाड़ा ने बताया कि इससे पहले भी प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की सोयाबीन की फसल बर्बाद हुई थी, लेकिन आज तक न तो पूरा मुआवजा मिला और ना ही बीमा राशि। किसानों को मात्र पाँच हजार रूपये प्रति किसान की सहायता दी गई, जो नुकसान की तुलना में ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई। जबकि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों से नियमित रूप से बीमा प्रीमियम काटा जाता है, उसकी राशि भी किसानों को नहीं मिल पाई। सीहोर जिले के ग्राम पीलूखेड़ी के किसान हनुमत सिंह मेवाड़ा की हालत इस आपदा की भयावहता को बयां करती है। उनके पास 8 एकड़ भूमि है, जिसमें पूरी तरह गेहूं की फसल लगी थी। ओलावृष्टि और तेज हवा से पूरी फसल बर्बाद हो गई। खेत में गिरी फसल को देखकर हनुमत सिंह फूट-फूट कर रो पड़े। उन्होंने बताया कि उनके ऊपर करीब 3 लाख रुपये का बैंक कर्ज है और अब परिवार के भरण-पोषण की चिंता सता रही है।

ग्राम पीलूखेड़ी, पीपलनेर, आष्टा के ग्वाली, गुराडिय़ा वर्मा, कालापीपल क्षेत्र के ग्राम चांदनी, हनुमतखेड़ा, झंडी सहित कई गांवों में किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों और समाजसेवियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित सभी गांवों का तत्काल सर्वे कराकर राहत राशि और बीमा भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि संकट की इस घड़ी में किसानों को कुछ सहारा मिल सके।

# बापू का जीवन सत्य, अहिंसा, प्रेम सद्भाव और शांति का प्रतीक है: राजीव गुजराती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



राष्ट्रपिता महात्मागांधी की 78 वी पुण्यतिथि पर सीहोर मुख्यालय के गांधी पार्क में कांग्रेसजनों ने गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित कर रघुपति राघव राजाराम गायन का वाचन कर उन्हें याद किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी जी ने समूचे विश्व को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाले अपने महान विचारों से प्रेरित किया।

उन्होंने केवल शब्दों से नहीं, बल्कि अपने आचरण से लोगों को प्रभावित कर बदलाव की नई राह दिखाई। उनके उच्च आदर्शों और नैतिक मूल्यों का संदेश सदैव हमें बेहतर और सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा। बापू का जीवन सत्य, अहिंसा, प्रेम सद्भाव और शांति का प्रतीक है। बापू को शत-शत नमन।

नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके विचार हमें न्याय, समानता और मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। आइए, उनके आदर्शों को अपनाकर एक सशक्त, शांतिपूर्ण और समावेशी समाज का निर्माण करें। शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव ने कहा कि गांधीजी को गोली मारने वाला सिर्फ एक व्यक्ति नहीं था, गोली एक विचारधारा की थी—जो नफ़रत को राष्ट्रवाद कहती है।

पुण्यतिथि पर संकल्प लें-भारत गांधी का रहेगा, गोडसे की सोच का नहीं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को शत-शत नमन। साथ ही उपस्थित सभी कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा गांधी आपका नाम रहेगा के गगन भेदी नारे लगा कर उनको याद किया।

इसमें उपस्थितजनों में प्रमुख रूप से ओम वर्मा, नईम नवाब, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, ओम राठौर, सीताराम भारती, रमेश गुप्ता सुनील दुबे, दौलत यादव, डॉ.अनीस खान, राजेश भूरा यादव, अफीज चौधरी, रामप्रकाश चौधरी, मुनव्वर मामू, अरूण राय, योगेन्द्र राय, राकेश वर्मा, मजीद अंसारी, इरफान लाला, घनश्याम मीणा, तारा यादव, के.के.रिछारिया, भगतसिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, आशीष रोहिला, सुख सिंह, अजय रैकवार, विनीत गोयल आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सामूहिक विवाह और यज्ञोपवीत संस्कार सम्मेलन 6 को

**देवास।** परमपिता परमेश्वर एवं मां चामुण्डा तुलजा भवानी के आशीर्वाद से प्रांतीय महासभा के तत्वावधान में तथा सभी जिला, तहसील एवं ग्रामीण संगठनों के सहयोग से श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह एवं यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस पुण्य आयोजन की मेजबानी का अवसर देवास स्थित जागृति श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज सेवा संगठन को प्राप्त हुआ है। श्री श्रीगौड़ प्रांतीय महासभा अध्यक्ष जे.पी. नायक और श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज महामंत्री मोहनलाल तिवारी एवं जागृति श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज सेवा संगठन अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने बताया कि समाज सेवा के इस महत्त्वपूर्ण कार्य में अधिक से अधिक वर-वधू जोड़ों एवं यज्ञोपवीत संस्कार हेतु बटुकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए समाजजनों से सहयोग और प्रेरणा देने की अपील की गई है। यह आयोजन फाल्गुन कृष्ण पंचमी, शुक्रवार, दिनांक 06 फरवरी को श्यामा वाटिका गार्डन, मक्सी रोड, देवास में संपन्न होगा। आयोजन समिति ने समाज जनो से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की हैं।

### मासिक संगीत कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**देवास।** श्री हरि म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित मासिकी संगीत संध्या सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। यह ग्रुप का 48वां संगीत कार्यक्रम था, जो पूरी तरह देशभक्ति गीतों पर आधारित रहा। कार्यक्रम में लगभग 50 संगीत कलाकारों ने भाग लेकर अपनी मधुर आवाज़ का जादू बिखेरा। ग्रुप अध्यक्ष बंटी मंगरोलिया एवं डायरेक्टर मुस्कान राठौड़ ने बताया कि संस्था द्वारा हर माह नियमित रूप से संगीत कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें ग्रुप से जुड़े कलाकार उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य न केवल कलाकारों को मंच देना है, बल्कि संगीत के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक जुड़ाव बढ़ाना भी है। इस विशेष आयोजन में प्रस्तुत किए गए देशभक्ति गीतों ने श्रोताओं के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना जगा दी।

### ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड के तहत थाना खातेगांव पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

# भरण-पोषण का भुगतान न करने वाले चार वर्ष से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

भरण-पोषण संबंधी वारंटो की प्राथमिकता से तामिली हेतु चलाया जा रहा है अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रदेश भर में चलाए जा रहे "ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड" अभियान के तहत देवास पुलिस भरण-पोषण संबंधी वारंटों की तामीली को प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में खातेगांव पुलिस ने 4 वर्षों से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन में जिलेभर में मिशन स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। थाना खातेगांव पुलिस ने कुटुम्ब न्यायालय इंदौर के प्रकरण क्रमांक MJCR 1167/2023, 1347/2024, 1187/2025, 1186/2025 धारा 125(3) सीआरपीसी के मामले में आरोपी सरफराज पिता मजीद खां निवासी वीर सावरकर मार्ग, वार्ड क्रमांक 06, तालाब की पाल, खातेगांव को 30 जनवरी 2026 को गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से पुलिस गिरफ्त से बाहर था। कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कन्नौद आदित्य तिवारी के निर्देशन एवं थाना प्रभारी विक्रांत झांझोट के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, 01 मार्च 2025 से अब तक "ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड" के तहत कुल 16 फरार/स्थाई/गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है।

# यूजीसी के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन के लिए रैली और के साथ ज्ञापन से होगी शुरुआत

### सवर्ण समाज निकालेगा यूजीसी की शव यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देश मे केंद्र सरकार द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के माध्यम से लाये गए नये कानून से देवास नगर के सम्पूर्ण सवर्ण समाज मे आक्रोश व्याप्त है। जातिगत भेदभाव को बढ़ावा देने वाले इस नए कानून से देश के साथ देवास नगर के सवर्ण समाज के 19 संगठन यूजीसी के विरोध में एक साथ खड़े हो गए है।

इस विषय पर सभी का एक ही मत है कि इस कानून को सरकार द्वारा वापस लिया जाए। अपनी इस मांग को लेकर देवास नगर के सामान्य वर्ग में आने वाले सभी समाज के अध्यक्षो ओर प्रमुख पदाधिकारियों की एक बैठक सम्पन्न हुई। पंडित आदित्य दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में सवर्ण समाज देवास द्वारा निर्णय लिया गया कि यूजीसी के विरोध में देवास नगर में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। प्रथम चरण में 13 फरवरी शुक्रवार को नगर के प्रमुख मार्ग से यूजीसी की शवयात्रा निकालकर रैली के रूप में जवाहर चौक पहुचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। जिसमें इस कानून को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की जाएगी।

इस आंदोलन को सर्व ब्राह्मण समाज, राजपूत समाज, वैश्य समाज, जैन समाज, कायस्थ समाज, सिख समाज, सिंधी समाज, क्षत्रिय मराठा समाज, महाराष्ट्रीयन समाज, अग्रवाल समाज, माहेश्वरी समाज, पोरवाल समाज, खंडेलवाल समाज, चित्तौड़ा समाज, यज्ञ सैनी समाज, मोढ़ वणिक, समाज विजय वर्गीय समाज, सहित समस्त सामान्य वर्ग में आने वाले समस्त समाज संगठन व कई अन्य सामाजिक संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ है।

# झोन कार्यालय निर्माण का विरोध समझाइश के बाद माने रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



एबी रोड स्थित बिहारी गंज क्षेत्र में प्रस्तावित नगर निगम झोन कार्यालय के निर्माण को लेकर शनिवार को स्थानीय रहवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य शुरू किया, जिस पर रहवासियों ने आपत्ति जताई। निगम अधिकारियों द्वारा समझाइश दिए जाने के बाद कार्य फिर से प्रारंभ किया गया। रहवासियों का कहना है कि जिस खाली भूमि पर यह झोन कार्यालय बनाया जा रहा है, वह कॉलोनी की एकमात्र खुली जगह है। इस स्थान का उपयोग सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए किया जाता है। उनके अनुसार, इस जगह के खत्म होने से कॉलोनीवासियों को काफी परेशानी होगी। नगर निगम देवास के सहायक यंत्री जगदीश वर्मा ने बताया कि झोन कार्यालय का निर्माण कलेक्टर की अनुमति से किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कॉलोनी समिति के लोग विरोध कर रहे हैं, लेकिन यह कार्यालय आम जनता की सुविधा के लिए ही बनाया जा रहा है। वर्मा ने बताया कि इस कार्यालय के बनने से वार्ड क्रमांक 01 से 04 और वार्ड क्रमांक 29 से 41 तक के नागरिकों को नगर निगम से जुड़ी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो जाएंगी। इससे लोगों को दूर स्थित मुख्य नगर निगम कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जगदीश वर्मा ने यह भी जानकारी दी कि झोन कार्यालय का निर्माण कार्य लगभग छह माह में पूरा हो जाएगा, जिसके बाद नागरिकों को सीधा लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। फिलहाल, प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

### अवकाश दिवस में भी होगी निगम राजस्व वसूली

**देवास।** निगम के विभिन्न राजस्व करों की वसूली के लिए वसूली कर्ताओं के साथ निगम उपयंत्रियों को भी अपने वार्डो मे जलकर वसुली के निर्देश आयुक्त दलीप कुमार ने दिए। अवैध नल कनेक्शनों पर यदि कोई व्यक्ति वैध करने की राशि जमा नही करता है तो नल कनेक्शन विच्छेद करने के साथ जुर्माने की राशि भी वसुली जाएगी।जलकर वसूली को लेकर वार्ड 17 में उपयंत्री जीवन रावत व टीम द्वारा वार्ड में 120 जलकर बकायादारों से राशि वसूली के लिये सम्पर्क किया। 6 जलकर के बकायेदारों के नल कनेक्शन विच्छेद किये। अवैध नल कनेक्शनों को वैध किये जाने की कार्यवाही में 3 जलकर दाताओं से राशि जमा कर नल कनेक्शन वैध किये। इसी क्रम मे वार्ड 27 मे भी उपयंत्री दिनेश चौहान व टीम ने 29 जलकर बकायादारों से राशि जमा करने हेतु सम्पर्क कर 2 दिवस मे राशि जमा करने हेतु कहा। दी गई समयावधि में राशि जमा नही होने पर नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही की जावेगी। इसी प्रकार वार्ड 6 मे सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी, उपयंत्री चंदन सोनी व टीम के द्वारा बकाया जलकर दाताओं से लगभग 80 हजार की वसूली के साथ 20 नल कनेक्शन विच्छेद करने के साथ ही अवैध से वैध नल कनेक्शन करने की कार्यवाही की गई।

### आज मनेगा पूर्व जिपं अध्यक्ष राजपूत का जन्मदिन



**भौरासा।** क्षेत्र में आज पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत का जन्मदिन नेवरी फाटे पर शाम 5:00 बजे बनाया जाएगा, जिसको लेकर क्षेत्र में तैयारियां जोर-शोर से हो रही है जगह-जगह जन्मदिन के पोस्टर लगाए गए हैं आज सैकड़ो की संख्या में उनके समर्थक नेवरी फाटे पर एकत्रित होकर उनका जन्मदिन मनाएंगे। इस अवसर पर शांतिलाल कुमावत, दशरथ सिंह धाकड़, दौलत यादव, सरपंच तेज यादव, सरपंच महिपाल सिंह बैस, अदि कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

# बिजली अधिनियम उल्लंघन पर विशेष न्यायालय सख्त, तीन अभियुक्तों को दो-दो वर्ष के सश्रम कारावास के साथ अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बिजली अधिनियम उल्लंघन पर विशेष न्यायालय ने सख्त आदेश जारी किया है। न्यायालय ने आदेश जारी करते हुए तीन अभियुक्तों को दो-दो वर्ष का सश्रम कारावास सहित अर्थदंड से दंडित किया।

दरअसल वर्ष 2020 में उज्जैन रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में एलटी लाइन की केबल काटकर बिजली चोरी करने वाले तीन आरोपियों को कोर्ट ने सजा सुनाई है। 17 अगस्त 2020 को बिजली कंपनी के सतर्कता संकाय ने उज्जैन रोड औद्योगिक क्षेत्र में पाया कि राजेंद्र पिता रामबाबू शर्मा के परिसर में उपयोगकर्ता मोकम सिंह पिता दुले सिंह व इमरान पिता आशिक खान अपना प्लांट संचालन कर रहे है।

और ईशा इंजीनियरिंग और जनता बेकरी के उपक्रमों को सीधे एलटी लाइन से जोड़कर विद्युत चोरी की जा रही थी। बिजली कंपनी की टीम ने मौके पर पंचनामा बनाया था और इसका बिल 9 लाख 38 हजार 486 रु. का 19 अगस्त 2020 को जारी किया गया। समय पर राशि जमा नहीं करने पर 18 दिसंबर 2020 को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 व 138 के तहत प्रकरण दर्ज करवाया और न्यायालय में पहुंचा। विशेष न्यायाधीश अभिषेक गौड़ ने आरोपी राजेंद्र, मोकम व इमरान पर दोष सिद्ध होने पर 2-2 साल की सजा सुनाई है।

आरोपी मोकम सिंह को 30 हजार रु. राजेंद्र को 15 हजार व इमरान को 21 हजार रु. का दंड दिया है। बिजली कंपनी की दो गुना राशि 16 लाख 26 हजार 970 रु. तीन महीने में जमा करने के आदेश दिए गए हैं।

# कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुरस्कार वितरण और विदाई समारोह किया आयोजित






हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरासा में वार्षिक गतिविधियों के साथ कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की छात्राओं को बिदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार जोशी, विशेष अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा व प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य नीता शर्मा ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय जोशी ने अपने उद्बोधन में पुरस्कार प्राप्त सभी छात्राओ को बधाई देते हुए कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की छात्राओ को बोर्ड परीक्षा में अधिक मेहनत एवं सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही सभी छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना की। अतिथि नगर परिषद उपाध्याय जय सिंह राणा के द्वारा भी सभी छात्राओं को बधाई दी गई और घोषणा की गई की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में सबसे अधिक अंक लाने वाली छात्राओं को मेरी ओर से 11- 11 हजार रुपए नगर पुरस्कार दिया जाएगा।

प्राचार्य नीता शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का बेज लगाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष चौरसिया ने किया। विद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन शिक्षक ओमप्रकाश मालवीय ने किया। इस अवसर पर जगदीश चंद्र सोलंकी, भोला सिंह यादव, जितेंद्र बागड़िया, प्रवीण पारस, उषा दुबे, अगस्त्य चौहान, उपासना सेंधालक, निकिता रावल, एवं कमल यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार मोहिनी निर्मल ने माना।

# शहीद दिवस के रूप में मनाया बलिदान का दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहीदी को शहीद दिवस के रूप में बागली न्यायालय परिसर में 30 जनवरी को श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों का स्मरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश एस.आर. सिनम ने कहा कि समाज से भेदभाव, ऊंच-नीच और असमानता का पूर्ण रूप से विलोप तभी संभव है, जब हम महात्मा गांधी के विचारों को केवल भाषणों तक सीमित न रखकर अपने आचरण में उतारें। उन्होंने कहा कि हमारी कथनी और करनी में समानता होनी चाहिए।

पुरानी कहावत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि "मुंडा देखकर टीका करना" जैसी सोच समाज को पीछे ले जाती है। निष्ठा और संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात कर ही हम समाज के समक्ष एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं।इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गांधीवादी विचारधारा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी स्वतंत्रता आंदोलन के समय थी। सत्य, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण संभव है।कार्यक्रम के दौरान न्यायालय परिवार, अधिवक्तागण एवं उपस्थितजनों ने गांधी जी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान न्यायाधीश स्वाती धारीवाल, वीणा अग्निहोत्री अधिवक्तारवि जाटव, भूपेंद्र कटारिया, मानक आटारिया, प्रभु लाल डोडवे, शेखर मराठा एवं न्यायालयीन कर्मचारी कमल खींची एवं अन्य अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।

### देवास रेलवे स्टेशन से लंबी दूरी के यात्रियों को नहीं मिल रही मुख्य ट्रेनें, स्टॉपेज की मांग

# डीआरएम रेलवे पश्चिम क्षेत्र रतलाम मंडल के नाम दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



रेलवे स्टेशन देवास से लंबी दूरी की मुख्य ट्रेनें बाईपास होकर जा रही है, जिससे कि देवास औद्योगिक नगरी सहित जिले भर के हजारों यात्रियों की फजीहत हो रही है। लंबी दूरी की रेल यात्रियों को मजबूरन आसपास के शहरों में जाकर ट्रेन में बैठना पड़ रहा है।

समस्या के निराकरण के लिए नगर जनहित सुरक्षा समिति द्वारा डीआरएल रेल्वे पश्चिम क्षेत्र रतलाम मंडल के नाम स्टेशन स्टेशन प्रबंधक आर. एस. यादव को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि जिले सहित आसपास के हजारों यात्रियों को वर्ष भर अन्य शहरों जैसे भोपाल, इटारसी, कानपुर, लखनऊ,नागपुर, छतरपुर, इलाहाबाद, लखनऊ गोरखपुर अयोध्या बनारस आदि स्थानों पर आने जाने के लिए पूरे वर्षभर रेल सेवा की आवा जाही रहती है। देवास शहर औद्योगिक जिला के अंतर्गत आता है, जबकि वंदे भारत एवं इंदौर प्रयागराज जैसी मुख्य रेल सुविधाओं से देवास व आसपास के हजारों यात्री वंचित हो रहे हैं। इनका भी स्टापेज़ सप्ताह में एक-दो दिन देवास में होना चाहिए, जबकि केंद्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत देवास रेलवे स्टेशन पर नवीनीकरण के तहत करोड़ों रुपए खर्च के बाद भी यात्रियों की परेशानी कम नहीं हो रही है। लंबी दूरी की गाड़ियों का यहां पर ना आना आश्चर्यजनक माना जा रहा है। लंबी दूरियों की गाड़ी इंदौर से फतेहाबाद होकर जा रही है। समिति ने देवास जिले के हजारों यात्रियों की परेशानी के चलते पूर्व में भी पत्र व्यवहार के माध्यम से संबंधित उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। बावजूद उत्तर भारत में जाने वाले यात्रियों की समस्या का निराकरण न होना देवास जैसे ओद्योगिक जिले के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

इन शहरों में जाने के लिए नई गाड़ी चलाई जाना आवश्यक हो गया है, क्योंकि जो इंदौर से पटना एक्सप्रेस है उसमें भी कई यात्रियों को खड़े रहने तक की भी जगह नहीं मिल पाती। जिससे यात्रियों के समय एवं धन की बर्बादी हो रही है। समिति अनिल सिंह बेस, विनोद सिंह गोड, सुनील सिंह ठाकुर, विजय सिंह तंवर, तकिउद्दीन काजी, सुभाष वर्मा सुरेश रायकवार, अनूप दुबे उमेश राय, सतनारायण यादव ओम प्रकाश पटेल आदि ने जनहित में लंबी दुरी की गाड़ियों की देवास में शीघ्र स्टापेज़ कर व नई गाड़ी शुरू करने की मांग डीआरएम रेलवे पश्चिम क्षेत्र रतलाम मंडल से की है।

# भगवान श्री देवनारायण विष्णु यज्ञ, कथा और मेले का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



ग्राम पांदाजागीर में सात दिवसीय ज्ञान गंगा यज्ञ के साथ ही भगवान देवनारायण की कथा का आयोजन भी रखा गया है। इस अवसर पर मेला भी आयोजित किया जा रहा है। मेले के दुकानदारो के लिए लाइट एवं भोजन की व्यवस्था भी समिति की ओर से रहेगी।

कथा वाचक आगर मालवा के सुप्रसिद्ध सूरज सिंह बना साहब ग्राम इकलेरा जिला आगर के मुखारविंद से भगवान देवनारायण की कथा का वाचन किया जाएगा एवं यज्ञकर्ता यज्ञ आचार्य पंडित रामेश्वर शर्मा ग्राम कुडाना शाजापुर द्वारा किया जाएगा। कथा प्रतिदिन 2, फ र व री मंगलवार से 8 फरवरी-तक आयोजित होगी। इसी दिन यज्ञ की पूर्णाहुति एवं कथा का समापन होगा। महाप्रसादी आरती पश्चात वितरण की जाएगी। कथा का स्थान देवनारायण मंदिर प्रांगण नेवरी बागली मार्ग पांदा जागीर तहसील सोनकच्छ रहेगा।

**खबर संक्षेप**



## शिक्षामित्रों को जनगणना में प्रगणक में लगाएं

**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र बेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को संबोधित एसडीएम भूपेंद्र यादव को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जिले के अधिकांश शिक्षामित्र बीएलओ की ड्यूटी में विगत 20 वर्षों से काम करते आ रहे हैं। विगत 2011 की जनगणना में कुछ ही शिक्षामित्रों की ड्यूटी लगाई गई थी। शिक्षामित्र सरकारी अन्य जैसे पोलियो ड्यूटी बाल गणना ड्यूटी एवं स्वस्थ विभाग साक्षरता आदि सभी कार्यों में अल्प मानदेय में ड्यूटी करता है, लेकिन जहां पर सम्मानजनक मानदेय मिलता है। वहां अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी जाती हैं। अतएव जिला प्रशासन से आह्वान किया है कि जिले के सभी तहसील ललितपुर, महरौनी, मड़ावरा, पाली में कार्यरत शिक्षामित्रों की ड्यूटी भारत की जनगणना 2026 की प्रगणक के पद पर ड्यूटी लगवाने हेतु आदेशित करने की मांग उठायी। इस दौरान भगवत सिंह बैस, बृजेश कुमार टोटे, अशोक परिहार, मालती, हरिओम, नीतू, ताहर सिंह परमार, शैलेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे।

## महिला जनसुनवाई चार फरवरी को

**ललितपुर।** प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया है कि महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने, शिकायतकर्ताओं की सुगमता के लिए 4 फरवरी को सुबह 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल द्वारा महिला जनसुनवाई की जाएगी। बताया कि उ.प्र.राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीडन की रोकथाम के दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महिला उत्पीडन की घटनाओं की समीक्षा, महिला जनसुनवाई, निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने शिकायतकर्ताओं से अपील की है कि जनसुनवाई में अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के साथ, मोबाइल नं., अपना आईडी प्रमाण पत्र जैसे आधारकार्ड आदि की छायाप्रति अवश्य लेकर आयें।

## घर में घुसकर महिला से की छेड़छाड़

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 19 जनवरी को वह अपने घर में बंधी भैंस को चारा दे रही थी। सुबह करीब 11 बजे उसके पति मजदूरी पर गये थे और बेटी स्कूल गयी थी। इसी बीच जब वह घर में अकेली थी तो गांव के विक्रम पुत्र भगवत सिंह जबरन घर में घुस आया और बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया। आरोप है कि विक्रम ने उसे घर के अंदर की ओर खींचने लगा और चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पीड़िता ने बताया कि शर्म के कारण उसने यह बात किसी को नहीं बतायी। जब उसकी मां को उसने यह बात बतायी तो मां ने पूरा घटनाक्रम उसके पति को बताया। अब वह अपने पति के साथ थाने शिकायत दर्ज कराने पहुंची है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

## पुत्री को फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 28 जनवरी को रात करीब 10 बजे उसकी पुत्री घर में नहीं थी। उसने पुत्री की काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। ग्रामीणों से जानकारी करने पर भी जानकारी नहीं मिली। पीड़ित ने बताया कि मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी अंतर्गत थाना पिछोर के ग्राम देवखेड़ा निवासी गोलू पुत्र खुमान अहिरवार का उसके घर आना जाना रहता था और वह ही उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर घर से भगा ले गया है। आरोप है कि उसकी पुत्री घर में रखे जेवरात भी साथ में ले गयी है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### विशेष बूथ दिवस पर डीएम ने मतदेय स्थलों का भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं

# एएसडी मतदाताओं की मैपिंग कर फार्म 6 भरवाने के आरओ को दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मतदेय स्थलों पर आयोजित विशेष बूथ अभियान का जायजा लेने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीएन इण्टर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुरा और कम्पोजिट विद्यालय चौबयाना पहुंचकर बीएलओ व सुपरवाईजरों से एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। पोलिंग बूथों पर पहुंचे और यहां उपस्थित बीएलओ व सुपरवाइजरो के द्वारा मतदाताओं के फार्म संख्या 6, 7 व 8 के संबंध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की।

बताया गया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत आज 31 जनवरी को मतदेय स्थलों पर विशेष बूथ अभियान आयोजित किया गया है, जिसमें बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के फार्म संख्या 6, 7 व 8 भरवाए जा रहे हैं। साथ ही मतदाता सूची भी दिखाई जा रही है। जिलाधिकारी अपनी प्रशासनिक टीम के साथ सर्वप्रथम पीएन इण्टर कॉलेज पहुंचे, यहां पर बीएलओ व सुपरवाईजरों द्वारा बूथ सं0-462, 463 व 469 के मतदाताओं की मैपिंग का कार्य किया जा रहा था, प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुरा में बूथ सं0-430, 431 व 432 के मतदाताओं की मैपिंग की जा रही थी।



**मतदाताओं के फार्म 6 भरवाकर प्रगति सुधारें**

इसके अलावा कम्पोजिट विद्यालय चौबयाना में बूथ सं0-426, 427 व 428 का कार्य चल रहा था, यहां पर फार्म 6 की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने सुपरवाईजर सुरेन्द्र पटैरिया को कड़ी हिदायत देते हुए निर्देश दिये कि प्रत्येक दशा में छूटे हुए मतदाताओं के फार्म 6 भरवाकर प्रगति सुधारें। डीएम ने समस्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बीएलओ व सुपरवाईजरों को निर्देश दिए कि एएसडी मतदाताओं में छूटे हुए मतदाताओं की मैपिंग कर उनके फार्म 6 फरवाए जाएं। इसके लिए निरंतर बूथों का निरीक्षण करते रहें और एएसडी की मैपिंग हेतु निर्धारित किये गए 13 आईडी प्रपत्रों की जानकारी देते हुए उनसे फार्म भरवाएं। उन्होंने एक बार फिर स्पष्ट करते हुए कहा है कि जनपद में किसी भी पात्र व सही मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी अपील की कि वह छूटे हुए सभी पात्र मतदाताओं के फार्म 6, 7 व 8 भरवाएं। डीएम ने निर्वाचन क्षेत्रों में भ्रमण कर एएसडी मतदाताओं से अपील की कि वे अपने अपने बूथों पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम देख लें और यदि किसी पात्र मतदाता का नाम छूट गया हो तो वे अपने बूथ पर बीएलओ से संपर्क कर फार्म 6 भरवाए। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, डीआईओ व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने गोल्डन ऑवर का समझाया महत्व, जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह- 2026 मनाये जाने के क्रम में सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह एआरटीओ कार्यालय में डीएम सत्य प्रकाश की अध्यक्षता एवं एसपी मो.मुश्ताक के मुख्य अतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें पीडब्लूडी ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर जिले की सड़कों व दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर कराये गये कार्यों की जानकारी दी। एएसपी कालूराम ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर जानकारी दी।

सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत विद्यालयों में सड़क सुरक्षा जन जागरूकता से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिनमें विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र वितरित किये। एसपी ने सड़क दुघटनाओं की रोकथाम एवं दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को गोल्डन आवर में निकटतम चिकित्सालय में पहुंचाने की अपील कर शासन द्वारा राहवीर योजना के अन्तर्गत 25 हजार रूपये पुरूस्कार धनराशि प्रदान किये जाने की जानकारी दी। एसपी ने नामित राहवीर की तुलना सीमा पर लड रहे सैनिकों से की। एआरटीओ विपिन कुमार ने समस्त नोडल अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से किये गये कार्यों के बारे में बताया। साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन मानस को सावधानी पूर्वक वाहन का संचालन किए जाने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों का पालन किए जाने पर बल दिया। रंग मंच के मजे हुये कलाकार देवेन्द्र राय ने सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों के बारे में विस्तार से बताया कि शराब पीकर वाहन चलाउगे तो मुफ्त में दुर्घटना पाओगे। इस दौरान अधिशाषी अभियंता लोनिवि, नोडल अधिकारी रोड सेफ्टी क्लब ओ.पी.चौधरी, यातायात प्रभारी उ.नि.आलोक तिवारी, प्रभारी आई.राइड प्रबंधक एनएचएआई तथा परिवहन कार्यालय के समस्त कर्मी उपस्थित रहे। संचालन आरएमव्ही प्रवक्ता डा.रीतेश खरे ने किया।

### एकता संकुल स्तरीय समिति का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

# आजीविका को बढ़ावा दिया जा रहाः वीडीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित विकास खंड बार में एकता महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति का वार्षिक अधिवेशन समिति की अध्यक्ष मीना देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बार, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विकास प्रबंधक डीडीएम नाबार्ड, खंड विकास अधिकारी बार मुख्य रूप से उपस्थित की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

ब्लॉक प्रमुख बार ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिला शक्ति को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह आर्थिक रूप से स्वतंत्रता एवं सामाजिक रूप से सशक्त होने का काम कर रहे हैं। वीडीओ सर्वेश कुमार रवि ने कहा कि



एकता संकुल स्तरीय समिति 16 ग्राम पंचायत में संचालित हो रही है और इसके माध्यम से लगातार आजीविका को बढ़ावा दिया जा रहा है यह अधिवेशन समिति का वर्ष में एक बार होता है और इसके माध्यम से समिति का वार्षिक आय व्यय एवं गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया जाता है। नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक सलिल अर्कवंशी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से समुदाय की डॉन को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है और यह कार्य एकता संकुल स्तरीय समिति बार के सदस्यों ने फलीभूत करके दिखाया है। समिति अध्यक्ष मीना देवी ने कहा कि हमारी एकता संकुल स्तरीय समिति के द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है और लगातार अजीब का से सरकार के साथ जुड़कर आजीविका के संसाधनों को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान वीडीओ सर्वेश कुमार रवि, डीडीएम नाबार्ड सलिल अर्कवंशी, एडीओ हरिओम निरंजन, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कल्याण सिंह लोधी, हरपाल सिंह सिसोदिया, कैलाश चौबे, सीएलएफ की कोषाध्यक्ष रश्मि, सचिव लीला देवी, समूह सखी मेवा, अनीतादेवी अवस्थी, सविता, नीरज राजा, काजल राजा, रानी देवी, गुलाब राजा, बबीता सेन, रजनी देवी, बेबीबाई, उर्मिला देवी के साथ 16 ग्राम पंचायत से आई हुई समूह सखी आजीविका सखी आदि ने प्रतिभाग किया। संचालन महेश रिछारिया ने किया।

### ऐतिहासिक नगरी तालबेहट में गूंजे भजन

# श्रीसत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ का जनपद में आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्री सत्य साईं बाबा के सार्वभौमिक संदेश सबसे प्रेम करो, सबकी सेवा करो को जन-जन तक पहुँचाने वाली श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का शनिवार सायं ललितपुर नगर में भव्य एवं दिव्य आगमन हुआ। रथ के नगर में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा भजन-कीर्तन से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर श्री सत्य साईं सेवा समिति ललितपुर जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि श्री सत्य साईं बाबा ने अपने जीवन के माध्यम से प्रेम, करुणा, निःस्वार्थ सेवा और मानवता की एकता का संदेश दिया। प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा बाबा के इसी सार्वभौमिक दर्शन को लेकर देशभर में भ्रमण कर रही है और समाज को सेवा व सद्भाव के मार्ग पर अग्रसर कर रही है। रथ आगमन के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा भजन, नाम स्मरण एवं सत्संग का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम कड़ेसरा कला में राजपाल सिंह बुन्देला के घर पर यात्रा का स्वागत हुआ।

तालबेहट में महेंद्र सिंह डिग्री कॉलेज में बाबा का स्वागत एवं पूजन हुआ। तालबेहट में मुक्त सोनी, विजय किशोर सोनी प्रवेश श्रीवास्तव आदि ने स्वागत एवं आरती की। परमार्थ समाज सेवी संस्थान ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बम्हौरी सर, तेरई फाटक पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नगरवासी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं साईं भक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे। समिति द्वारा जानकारी दी गई कि रविवार को नगर में भव्य शोभायात्रा एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री सत्य साईं सेवा समिति, जनपद ललितपुर द्वारा किया गया। समिति ने सभी



नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में सहभागिता कर प्रेम, शांति और सेवा के संदेश को आत्मसात करें। रथ यात्रा के आगमन अवसर पर संजय श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, शरद खैरा, हाकिम सिंह, स्वामी अनुराग अमर, डॉ. जगवीर सिंह, रमन शर्मा लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, वसीम खजुरिया, राघवेंद्र सिंह खोखरा, वृषभान सिंह रमन शर्मा रमेश श्रीवास्तव, सुरेश त्रिपाठी, मुकुल शर्मा, रामखेलावन यादव, सुरेश यादव, मोहन यादव, हरि सिंह यादव, नारायण सिंह यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# व्यापारी की हत्या के आरोपी राकेश को जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

दुकान की रजिस्ट्री करने को लेकर हुये विवाद में व्यापारी की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में नामजद नझाई बाजार निवासी राकेश अग्रवाल पुत्र प्रेम अग्रवाल को पुलिस ने घटना के बाद



उसके घर से ही हिरासत में ले लिया था। शनिवार को पुलिस ने आरोपित राकेश अग्रवाल को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय में पेश करते हुये जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि विगत शुक्रवार 30 जनवरी को सुबह करीब 11.30 बजे मोहल्ला छत्रसालपुरा में रहने वाला कृपासागर पटवा पुत्र स्व.हरी पटवा कटरा बाजार स्थित दुकान जिसकी रजिस्ट्री कराये जाने को लेकर राकेश अग्रवाल के नझाई बाजार स्थित घर गया हुआ था। कृपासागर के बड़े भाई ने अस्पताल में बताया था कि कृपासागर अपनी पत्नी को साथ लेकर राकेश के घर पहुंचा था, जहां वह कटरा बाजार स्थित दुकान की पिता द्वारा जमा की गयी धनराशि के बाद रजिस्ट्री की बात कर रहा था। डब्बू पटवा का आरोप है कि इसी बीच राकेश अग्रवाल ने कृपासागर पटवा पर चाकू से हमला कर दिया और कृपासागर मौके पर ही निढ़ाल होकर गिर पड़ा। इसी बीच कृपासागर को जिला अस्पताल के इमरजेंसी में उपचार के लिए लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान कृपासागर को मृत घोषित कर दिया। दिन-दहाड़े हुये घटना और मृतक के परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने राकेश अग्रवाल को तत्काल हिरासत में ले लिया था। बताया जा रहा है कि पुलिस ने राकेश अग्रवाल के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर एसपी मो.मुश्ताक, एएसपी कालू सिंह व सीओ सिटी अजय कुमार ने तत्काल मौके पर पहुंच कर मुआयना किया, तदोपरान्त जिला अस्पताल पहुंच कर मृतक के परिजनों से मुलाकात की थी।

### कुष्ठ रोग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# भेदभाव नहीं, उपचार और सम्मान जरूरी : एएसएमसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वसाशी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल) में कुष्ठ रोग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य डा.मयंक शुक्ला की मौजूदगी में किया गया। मुख्य वक्ता त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. मुकेश सेठ रहे, जिन्होंने कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण, समय पर पहचान, उपचार एवं रोकथाम के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग पूर्णतः उपचार योग्य है तथा प्रारंभिक अवस्था में उपचार से विकलांगता को रोका जा सकता है। इस दौरान डा. डी.वी. सिंह, डा.सुरेश सोनी, डा. रजनी, डा.मनीष माथुर कार्यक्रम में उपस्थित



रहे और उन्होंने जागरूकता अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया। इस दौरान जागरूकता शपथ, पोस्टर प्रदर्शनी एवं संवादात्मक सत्रों के माध्यम से छात्रों, स्टाफ एवं आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने यह संदेश दिया कि कुष्ठ रोग से ग्रसित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करते हुए उन्हें सम्मान और सहयोग दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के शिक्षकगण, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य डा. मयंक शुक्ला द्वारा इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

### लगातार बढ़ रहीं आपराधिक घटनाओं को लेकर एसपी ने निर्णय लिया

# सुनील कुमार होंगे क्षेत्राधिकारी सदर, सीओ को भेजा पाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर में लगातार बढ़ रहीं आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने देर रात एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कोतवाली क्षेत्र में ही विगत जनवरी माह में एक सैकड़ा से अधिक छोटी-बड़ी घटनाएं दर्ज की गयी हैं। वहीं सर्किल क्षेत्र में भी आने वाले थानों में आपराधिक घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। एसपी मो.मुश्ताक ने जिले में कानून व्यवस्था को और दुरुस्त बनाये जाने को लेकर चार सर्किलों में तैनात क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। देर रात पुलिस विभाग से सोशल मीडिया सेल के जरिए जारी हुयी सूची के अनुसार क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार को अब क्षेत्राधिकारी पाली बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर अब क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार जो कि पाली सर्किल में तैनात थे को क्षेत्राधिकारी सदर बनाया गया है। इसी प्रकार तालबेहट में तैनात क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह को क्षेत्राधिकारी महरौनी और महरौनी में तैनात क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्रा को तालबेहट सर्किल की कमान सौंपी गयी हैं। क्षेत्राधिकारियों के सर्किल क्षेत्र में एसपी मो.मुश्ताक द्वारा किये गये इस बदलाव को लेकर अब निकट भविष्य में कानून व्यवस्था और दुरुस्त होने की उम्मीद जतायी जा रही है।

- रक्षपाल सिंह महरौनी और आशीष को तालबेहट मिला

### परक्यूटेनियस फिक्सेशन से बिना टांके के जोड़ दी टूटी कलाई

# डा. आकाश खैरा ने स्कैफॉइड बोन का सफल जटिल ऑपरेशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले के चिकित्सा इतिहास में अब अत्यंत जटिल टांका रहित सर्जरी भी होने लगी है। एक ऐसा सफल ऑपरेशन किया गया है जिसकी कल्पना भी ललितपुर में किया जाना संभव नहीं था। यह कमाल कर दिखाया है वरिष्ठ आर्थो सर्जन डा.आकाश खैरा ने। उन्होंने इसे अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। ललितपुर मुख्यालय के रहने वाले नीरज सीरौठिया उम्र 47 वर्ष पुत्र केशवदास के बायें हाथ की कलाई की स्कैफॉइड बोन टूट गयी थी। मरीज को कलाई चलाने में भारी तकलीफ हो रही थी।

मरीज ने कई जगह पड़ताल की, तो उसे बताया गया कि कम से कम तीन माह का प्लास्टर लगाना होगा ओर उसके बाद एक माह की फिजियोथेरेपी के बाद ही कुछ सामन्य स्थिति आ सकेगी। बाद में मरीज ने आकर वरिष्ठ अस्थि एवं जोड़ रोग सर्जन डा.आकाश खैरा से नवजीवन क्लीनिक पर आकर परीक्षण कराया। मरीज की मंशा थी कि उसे तत्काल ठीक कर दिया जाये। आखिर डॉ.खैरा ने उसके लिये जटिल ऑपरेशन परक्यूटेनियस फिक्सेशन करने का निर्णय लिया। यह ऑपरेशन ललितपुर में अब तक नहीं किया जा सका था। उन्होंने मरीज को ऋषिराज अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी और अपनी चिकित्सा टीम के साथ उसका बिना टांका लगाये सफल ऑपरेशन कर दिया। कुछ ही घण्टे में मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। इस ऑपरेशन के दौरान सहयोग करने में निश्चेतना विशेषज्ञ डा.खेमचन्द्र वर्मा, अस्पताल मैनेजर ओमकरन सिंह गौर, रोहित राजपूत, विशाल कुशवाहा, सौरभ, वैशाली राजा आदि का सहयोग रहा।



**इनका कहना है...**

मेरे पति की कलाई की हड्डी टूटने से बहुत चिन्ता हो गयी थी। अब उनका ऐसा सफल ऑपरेशन हो गया है कि उन्हें लम्बे प्लास्टर और दर्द से तत्काल निजात मिल गयी है। वे रोजमर्रा के सारे काम सामान्य रूप से करने लगे हैं। डा.आकाश खैरा का बहुत बहुत साधुवाद करती हूँ।

**नीतू सिरौठिया**, धर्मपत्नी नीरज सीरौठिया।

**भविष्य की समस्याओं से दिलाई निजात**

*डा.आकाश खैरा ने बताया कि समय पर सही इलाज न होने से भविष्य में इस मरीज को कलाई में जकडन, दर्द, गठिया और हाथ की पकड़ कमजोरे होने का खतरा था। जो ऑपरेशन किया गया है, उसमें बड़ा चीरा लगाने की आवश्यकता नहीं होती। दर्द न के बराबर होता है। कोई रक्तस्राव नहीं होता। संक्रमण का खतरा न्यूनतम होता है। मरीज जल्द ठीक हो जाता है और बहुत जल्द सामान्य कामकाज कर सकता है। इस मरीज को इस ऑपरेशन में टाँका या प्लास्टर लगाने भी जरूरत नहीं पड़ी है।*

### श्री खाटू श्याम मंदिर समिति ने किया निःशुल्क विवाह सम्मेलन संपन्न, आयोजन में हुए कई अनुष्ठान आयोजित

# 26 जोड़ों ने थामा दांपत्य जीवन का हाथ, दिखा सेवा, संस्कार और सामाजिक एकता का संगम



**जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को सम्मानपूर्वक विवाह कराना उद्देश्यः कुशवाह**

निशुल्क विवाह सम्मेलन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हुआ। इस प्रकार के आयोजन समाज में सहयोग, सेवा और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। समिति अध्यक्ष पवन कुशवाह ने बताया कि उनका उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह कराना और समाज में सकारात्मक संदेश देना है। उन्होंने कहा आज का दिन कभी नहीं भूलने वाला है, सभी के सहयोग और बाबा की कृपा से कन्यादान का अवसर प्राप्त हुआ जो जीवन का सबसे बड़ा पल है। कुशवाह ने कहा आने वाले समय में भी इस तरह का आयोजन करने का प्रयास किया रहेगा।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर में श्री खाटू श्याम मंदिर समिति द्वारा निशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में पूरे उत्साह, उमंग, श्रद्धा और धार्मिक वातावरण के बीच 26 कन्याओं का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार, पारंपरिक रीति-रिवाज और विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराया गया। सात फेरों और पवित्र अग्नि को साक्षी मानकर 26 जोड़ों ने अपने नए दांपत्य जीवन की शुरुआत की। सम्मेलन में शामिल सभी परिवारों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ दिखाई दे रहा था। समिति द्वारा विवाह आयोजन को यादगार बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। विवाह स्थल को आकर्षक सजावट और पारंपरिक साज-सज्जा से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण विवाह उत्सव में परिवर्तित हो गया था।

**निशान यात्रा और वर निकासी ने बांधा समां**

शुक्रवार सुबह आयोजन की शुरुआत नगर के राधा कृष्ण मंदिर से यात्रा और वर निकासी के साथ हुई। इस दौरान धार्मिक आस्था और उत्साह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। रथ, घोड़े, डीजे, बैंड-बाजे और धार्मिक ध्वजों के साथ यात्रा निकाली गई। सभी दूल्हे पारंपरिक परिधान में घोड़े पर सवार होकर जय श्री श्याम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। श्रद्धालु, समाजजन और आम नागरिक बड़ी संख्या में इस यात्रा में शामिल हुए। महिलाओं, युवाओं और बच्चों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। भव्य निशान यात्रा और वर निकासी ने समां बांध दिया।

**गृहस्थी का सामान देकर बेटियों को किया विदा**

समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सभी कन्याओं का सम्मानपूर्वक कन्यादान कराया। साथ ही नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का जरूरी सामान जैसे बिस्तर, बर्तन, दैनिक उपयोग की सामग्री सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं भेंट की गईं, ताकि वे अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत बिना किसी परेशानी के कर सकें। समिति सदस्यों ने भावुक होकर कन्याओं को विदा किया।

**निशान यात्रा का शहर भर में हुआ भव्य स्वागत**

निशान यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई। पीपल चैराहा, नगर पालिका के सामने, मुख्य बाजार सहित कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। जगह-जगह जलपान और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी। करीब तीन घंटे तक चली यह यात्रा धार्मिक और सामाजिक एकता का संदेश देती हुई गुना नाका स्थित विवाह स्थल पहुंची।

**बारात आगमन के बाद शुरू हुए वैवाहिक संस्कार**

कार्यक्रम स्थल पर बारात पहुंचने के बाद पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह कार्यक्रम शुरू हुआ। पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों का विधि-विधान से विवाह कराया गया। सात फेरे, कन्यादान और अन्य सभी रस्में पूरे धार्मिक तरीके से सम्पन्न कराई गईं। विवाह के दौरान परिजनों और समाजजनों की आंखों में खुशी के आंसू और चेहरे पर संतोष की मुस्कुराहट देखने को मिली। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्थाएं भी बेहतर रहीं।



## खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी, 2 ट्रैक्टर-ट्राली जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में खनिज अधिकारी श्री सचिन वर्मा के निर्देशन में खनिज विभाग की टीम द्वारा गुना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उकावद में भ्रमण के दौरान बिना अनुमति एवं बिना रॉयल्टी रेत का अवैध परिवहन करते हुए 02 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गईं। टीम द्वारा दोनों वाहनों को तत्काल जब्त कर कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। प्रकरण में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती, खनिज सिपाही रामभरोसा जाटव तथा सैनिक राजीव रघुवंशी, हाकिम सिंह रघुवंशी, रघुनंदन रघुवंशी एवं सतीश शर्मा की सराहनीय भूमिका रही। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध यह मुहिम आगे भी निरंतर जारी रहेगी और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 7 फरवरी से

**गुना।** शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन किया जाएगा। यह पंजीयन दिनांक 7 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक किया जाना है।कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा गेहूं उपार्जन एवं किसान पंजीयन के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जिला स्तर पर एक तकनीकी समिति का गठन किया गया है। समिति में श्री गिरीश अनवेकर, सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी), श्री गौतम श्रीवास्तव, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस, आशीष चतुर्वेदी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, बृजनारायण केवट, डाटा एंट्री ऑपरेटर खाद्य शाखा तथा राम रघुवंशी, डाटा एंट्री ऑपरेटर नागरिक आपूर्ति निगम, जिला गुना को शामिल किया गया है। कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन हेतु अतिरिक्त माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं। किसान एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर एवं लोकसेवा केंद्र के माध्यम से भी अपना पंजीयन करा सकेंगे। गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य करने के इच्छुक एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करें।

## ओलावृष्टि से फसल बर्बाद, किसानों ने एसडीएम व तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

27 जनवरी को हुई तेज बारिश एवं ओलावृष्टि से सारंगपुर तहसील के ग्राम खजुरिया घाटा सहित कई गांवों में किसानों की फसलें पूरी तरह प्रभावित हो गईं। प्राकृतिक आपदा से गेहूं, चना, मसूर सहित अन्य रबी फसलें नष्ट हो जाने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। फसल क्षति से परेशान ग्राम के किसानों ने शुक्रवार को सामूहिक रूप से अनुविभागीय अधिकारी सारंगपुर एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल सर्वे कराकर बीमा राशि व मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। किसानों ने ज्ञापन में बताया कि ओलावृष्टि के कारण खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह गिर गई है, जिससे उत्पादन शून्य के करीब पहुंच गया है। कई किसानों ने फसल बीमा कराया हुआ है, लेकिन समय पर सर्वे नहीं होने से उन्हें सहायता मिलने में विलंब की आशंका है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि प्रभावित किसानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए राजस्व अमले द्वारा शीघ्र फसल सर्वे कराया जाए तथा शासन की आपदा राहत एवं फसल बीमा योजना अंतर्गत पात्र किसानों को शीघ्र मुआवजा राशि प्रदान की जाए। इस अवसर पर शिवसिंह पाल, राजेंद्र भिलाला, रामेश्वर पाल, दिलीप पाल, दुर्गेश पाल सहित कई किसान उपस्थित रहे।

## बरमनखेड़ी गांव में की चाकूबाजी, सात घायल

**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम बरमनखेड़ी में दो-तीन दिन पहले एक परिवार के दो भाइयों में विवाद हुआ था उसी रंजिश को लेकर बदले की भावना से इंदौर से सचिन पिता रामलाल गोस्वामी अपने साथ लोगों को लेकर गांव बरमनखेड़ी आया और सामने वाले पक्ष पर जमकर चाकू बाजी की जिसमें सात लोग घायल हो गए घायलों में तीन लोग गंभीर घायल हुए जिन्हें प्राथमिक इलाज के तत्काल बाद बाहर रिफर किया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है एक आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है,जिसकी तलाश जारी है। बरमनखेड़ी निवासी हेमराज पिता बापू लाल गोस्वामी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 3 दिन पूर्व रामलाल एवं भारत दोनों भाइयों की बीच मारपीट हो गई थी। उसी का बदला लेने गुरुवार की रात 7 बजकर 30 बजे के लगभग जमकर चाकू बाजी की गई जिसमें सात लोग घायल हो गए।

**इन लोगों को आईं चोटे**-देवकरण पिता मांगीलाल गुर्जर विक्रम सिंह पिता मांगीलाल सोंधिया , धर्मराज पिता बालचंद गुर्जर गंभीर घायल व लखन पिता बापू लाल गोस्वामी,भगवती बाई पति मोहन गोस्वामी, हेमराज पिता बाबूलाल गोस्वामी, एक बालिका निबासा गोस्वामी को भी चोटे आई है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया है, तथा अंकित मकानिया फरार है।

## मनरेगा में वर्तमान संशोधनों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/जीरापुर /सारंगपुर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावरा द्वारा ब्यावरा के अहिंसा द्वार चौराहे पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण किया, व महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा किए गए संशोधनों के विरोध में धरना प्रदर्शन किया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने मनरेगा को कमजोर करने के प्रयासों की कड़ी निंदा की। दांगी ने कहा कि मनरेगा कानून वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं, दलितों एवं आदिवासियों को रोजगार की कानूनी गारंटी देने के उद्देश्य से बनाया गया था, जिसे वर्तमान भाजपा सरकार संशोधनों के माध्यम से कमजोर कर रही है।

**गांधी पार्क में हुआ प्रदर्शन**

**सारंगपुर।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय गांधी चैक स्थित गांधी पार्क में कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार पर मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया।

**मनरेगा को बहाल करने के लिए धरना**

**जीरापुर** - नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस के तत्वाधान में तहसील कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रखा गया। जिसमें मनरेगा को बहाल करने तथा इसकी जगह लाए गए नए वीबी-जी-राम-जी कानून को वापस लेने की मांग कांग्रेसीयों ने की । कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की तस्वीर रखकर यह धरना प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने मनेरगा की जगह जो नाम दिया उसे हटाकर मनेरगा को बहाल करने की बात रखी गई। जहां पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण सरावत , राजेश शर्मा पटवारी , चंदरसिंह, महेश सेन आदि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## चरण वंदना नहीं, आचरण वंदना करें विद्यार्थी : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




सरस्वती विद्या मंदिर, सारंगपुर में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह गुरुवार को गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम रोहित बम्होरे रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि एसडीओपी अरविंद सिंह उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में विभाग समन्वयक गुरुचरण गौड़, ओमप्रकाश राठी एवं डॉ. ध्रुव भल्ला शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश राठौर ने की। इस अवसर पर एसडीएम बम्होरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें चरण वंदना के बजाय आचरण वंदना करनी चाहिए। किसी व्यक्ति का सम्मान केवल चरण स्पर्श से नहीं, बल्कि उसके विचारों को जीवन में अपनाकर किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक उत्तरदायित्व को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया।वही एसडीओपी अरविंद सिंह ने कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का राष्ट्र निर्माता है। यदि युवा पीढ़ी सही दिशा में आगे बढ़ेगी, तो समाज और राष्ट्र स्वतः सशक्त बनेंगे। विद्यालय प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी। इसमें सुशील व्यास, दिनेशसिंह सिसोदिया, प्रमोद शर्मा, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की मां जालपा पहाड़ी की परिक्रमा

**राजगढ़।** सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में बीते एक



हफ्ते से चल रही 84 हनुमान दर्शन यात्रा के अंतिम दिवस शुक्रवार को देवीय शक्तिपीठ मां जालपा पहाड़ी की परिक्रमा का आयोजन रखा गया। पहली बार आयोजित हुए अपनी तरह के इस विशेष आयोजन में नगर सहित आसपास क्षेत्र के सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने जालपा माता की भक्ति की रमते हुए नाचते-गाते पवित्र पर्वत की परिक्रमा पूर्ण की। प्रथम बार सामुहिक रूप से माता के पहाड़ी की 24 किमी परिक्रमा का भव्यतम आयोजन रखा गया था।

## विज्ञान, संस्कृति और दर्शन का समन्वय विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आगामी 11, 12 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। जिसमे भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुरुप विज्ञान, संस्कृति और दर्शन का समन्वय विषय पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ता अपने उद्बोधन देंगे। उच्च शिक्षा विभाग के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्त्वाधान में आयोजित हो रहे इस सेमिनार की जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ चेतन त्रिपाठी ने बताया कि तीन सत्रों में यह सेमिनार होगा जिसमें शिक्षाविदों के विभिन्न विषयों पर लिखे गए शौध पत्रों का भी वाचन किया जाएगा। इसके लिए आयोजन समिति भी बनाई गई है जिसके निर्देशन में यह सेमिनार सम्पन्न होगा। इसमें प्रो डॉ राधावल्लभ त्रिपाठी पूर्व कुलपति राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान दिल्ली, डॉ देवीदास कल्लाप्पा बामणे अध्यक्ष हिंदी विभाग भाऊसाहब नेने महाविद्यालय रायगढ़ महाराष्ट्र, आदि लोग मौजूद थे।

### सम्मान समारोह के साथ ही नेत्र शिविर का भी हुआ आयोजन

## नेवज कृष्णा सम्मान से नवाजे क्षेत्र के पांच समाजसेवी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नेवज समग्र विकास समिति एवं नेवज कृष्णा क्लब के संयुक्त तत्वावधान में लगातार नवमें वर्ष 30 जनवरी को नेत्र शिविर सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्यों एवं सेवाओं के लिए पांच समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शिविर में करीब 300 लोगों ने अपना नेत्र परीक्षण करवाया जिनमें से ऑपरेशन के लिए चिन्हित 84 सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर के लिए रवाना किया गया। सम्मान से नवाजे गए सेवाभावियों में चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. ओपी त्रिपाठी, कुश्ती-दंगल में मानसिंह राठौर, शिक्षा के क्षेत्र में सरला विजयवर्गीय, मैदान प्रशिक्षण क्षेत्र में कोच बृजमोहन मेवाड़े एवं संगीत वाद्ययंत्र क्षेत्र में सोहराब खान शामिल है। राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, प्रताप मंडलोई, बापूसिंह तंवर सहित अन्य अतिथियों ने सभी को प्रशंसा-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

**9 वर्षों में 54 समाजसेवी हो चुके हैं सम्मानित**

उल्लेखनीय है कि बीते नौ सालों से अनवरत हो रहे इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों उत्कृष्ट योगदान देने वाले 54 समाजसेवियों को सम्मानित किया जा चुका है इसके साथ ही 15 हजार से अधिक लोगों का नेत्र परीक्षण करवाया जा चुका है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र चैहान, रघुनंदन शर्मा, एडिशनल एसपी केएल बंजारी, जपं अध्यक्ष फूलसिंह तंवर, रमेश तंवर, अमित शर्मा, प्रहलाद पंवार, एके शर्मा, सुशीला व्यास, रेणुका शर्मा, रेखा शर्मा, मंजुलता शर्मा सहित कई लोग सम्मिलित हुए।

### दुकानों के अक्सर बंद रहने, स्टॉक में कमी सहित अन्य गड़बड़ियों पर कार्रवाई की

## राशन वितरण में विभिन्न लापरवाहियों पर 22 विक्रेताओं को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले के पात्र हितग्राहियों को प्रत्येक माह समय पर राशन वितरण कार्य में विभिन्न तरह की लापरवाही एवं गड़बड़ियों पर जिले की 22 राशन दुकानों के विक्रेताओं को कारण बताओ नाटिस जारी किए गए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि किसी दुकान के अक्सर बंद रहने, कहीं केवायसी कार्य अब तक अपूर्ण रहने, कहीं स्टॉक में कमी, निर्देशों की अवहेलना सहित अन्य लापरवाहियों पर यह नोटिस थमाए गए हैं। संबंधित विक्रेताओं से नोटिस के जवाब मिलने के उपरान्त उन पर यथोचित कार्यवाहियां प्रस्तावित की जाएगी।



**इन विक्रेताओं को दिए गए हैं नोटिस**

जिन राशन दुकान के विक्रेताओं को शोकाज नोटिस जारी किए गए हैं उनमें गोलाखेड़ा दुकान सेल्समेन ओमप्रकाश, बखेड़ सेल्समेन भंवरलाल, खैरासी सेल्समेन श्यामसिंह, पाडलियाखेड़ी सेल्समेन देवेंद्र नागर, मांडाखेड़ा सेल्समेन विक्रेता प्रियंका शर्मा, प्रेमपुरा सेल्समेन चैनसिंह, सनखेड़ी विक्रेता मधुबाई, धनवास सेल्समेन दिनेश तंवर, हिरनखेड़ा विक्रेता पूजा, देहरीकराड़ सेल्समेन सुश्री निर्मला, महाबल विक्रेता पूजा, कंवरपुरा सेल्समेन बालूसिंह, लाख्या सेल्समेन जसवंत सौंधिया, हिनौती सेल्समेन मांगीलाल, कुंडीबे सेल्समेन प्रताप सिंह पंवार, जलालपुरा सेल्समेन मोहनसिंह, बावड़ीपुरा सेल्समेन विमल तंवर, फूलखेड़ी सेल्समेन रामकरण परमार, कोड़िया जरगर विक्रेता भावना, लिम्बोदा सेल्समेन चंदर सिंह दांगी, अभयपुरा विक्रेता गायत्री तंवर शामिल हैं।

**तीन दिवस में मांगा गया है जवाब**

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उक्त सभी राशन विक्रेताओं को नाटिस जारी कर उनसे 3 दिवस में जवाब मांगा गया है। नियत तिथि तक नोटिस का संतोषप्रद जवाब न मिलने पर संबंधितों को कार्य से पृथक करने की कार्यवाही की जा सकती है।

**पूर्व में भी जारी किए गए हैं इस तरह के नोटिस**

उल्लेखनीय है हर मंगलवार आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में अमूमन हर हफ्ते जिले की विभिन्न राशन दुकान पर हितग्राहियों को समय पर राशन न मिलने, दुकानों के बंद रहने, दुकानों का राशन अन्यत्र बेचने सहित कई तरह की शिकायतें अक्सर मिलती रहती हैं। विभाग द्वारा पूर्व में भी संबंधित दुकानों के विक्रेताओं को इस तरह के नोटिस जारी किए हैं लेकिन वितरण में लापरवाही बरतने वालों ठोस और पुख्ता कार्यवाही कभी-कभार ही नजर आई है।